10 MAY - janj-BHOOMI- PG-1_Layout 1 5/10/2024 9:54 PM Page 1

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, शनिवार, 11 मई 2024
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 40.0 डिग्री
न्यूनतम 22. 0 डिग्री

4 अक्षय तृतीया पर 26 बटुकों का हुआ सामूहिक उपनयन संस्कार



## खबर संक्षेप

### एसबीआई के मुख्य मार्ग के सामने बेतरतीब पार्किंग

**जांजगीर-चांपा।** जिला मुख्यालय जांजगीर के विवेकानंद मार्ग में एसबीआई बैंक के सामने बेतरतीब पार्किंग का नजारा आम है। इसके बाद भी पुलिस और नगर पालिका के द्वारा कभी भी बैंक प्रबंधन के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। जबकि यातायात उल्लंघन के नाम पर पुलिस रोज वाहन चालकों से जुर्माना वसूल कर रही है। अवैध पार्किंग से मुक्त कराने में यातायात पुलिस और नगर पालिका का कोई ध्यान नहीं है। नगर की यातायात व्यवस्था बुरी तरह चरमरा गई है। नगर के अधिकांश मार्ग लोगों के वाहनों का अघोषित पार्किंग स्थल बन गया है। यातायात पुलिस इन मार्गों को वाहनों से मुक्त करने में पूरी तरह असफल हो गई है। वहीं सड़क के किनारे अवैध कब्जा और निर्माण सामग्री रखे होने से आवागमन में बाधा के साथ दुर्घटना की भी आशंका बनी हुई है। इसके अलावा सब्जी खरीदने वाले लोग सड़क किनारे बाइक को खड़ी कर देते है। जिसके चलते लोगों को परेशानी उठानी पडती है।

### आरटीआई के भवन में संचालित होगा जिला परियोजना कार्यालय

**जांजगीर-चांपा।** जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा ने बताया कि जिला परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा, जिला जांजगीर-चांपा का भवन स्थानांतरित कर यह कार्यालय जिला परिवहन अधिकारी जिला जांजगीर-चांपा के पुराना भवन जर्वे (च) जांजगीर में संचालित किया जा रहा है।

### खत्म ना हो जाए जिला मुख्यालय की ऐतिहासिक भीमा तालाब की रौनकता

**जांजगीर-चांपा।** जिला मुख्यालय जांजगीर के ऐतिहासक भीमा तालाब की रौनकता पर संकट के बादल छाने लगे है। दरअसल यहां करोड़ों रुपए खर्च करके सौंदर्यीकरण के कार्य कराए गए थे, परंतु देखरेख के अभाव में यहां के सामान गायब होने लगे है। परिसर में लगाए गए आधे से अधिक लाइट बंद हो गए है, तो सौंदर्यीकरण के अन्य उपकरण भी खराब होने लगे है। इधर ओपन जिम के सामानों को चोरों की नजर लग गई है। जिला मुख्यालय जांजगीर के सबसे बडे और ऐतिहासिक भीमा तालाब की सौंदर्यीकरण के लिए नगर पालिका परिषद द्वारा विगत वर्षों में करोड़ों रुपए खर्च किए गए थे। इस दौरान चारों ओर तटबंध बनाने के साथ आकर्षक लाईटिंग की गई। लोगों के मनोरंजन और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए झूले, फिसलपट्टी के साथ ओपन जिम के उपकरण लगाए गए। इसके अलावा यहां की पहचान को बनाए रखने आकर्षक लाईटिंग के साथ हमर जांजगीर का बोर्ड भी लगाया गया था। जिसे पिछले दिनों असामाजिक तत्वों द्वारा नुकसान पहुंचाया गया था।

### कोसमंदा रेलवे फाटक बना लोगों के लिए परेशानी का सबब

**जांजगीर-चांपा।** बलौदा विकासखंड अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत कोसमंदा का रेलवे फाटक आम लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। रेलवे प्रशासन द्वारा एक और जहां समपार फाटक को बंद करके उसके स्थान पर ओवर ब्रिज बनाने पर जोर दिया जा रहा है ताकि लोगों को आवागमन में किसी तरह की परेशानी ना हो वहीं दूसरी ओर बलौदा विकासखंड अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत कोसमंदा का रेलवे फाटक आम लोगों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। आए दिन मालगाड़ी को समपार वाले रास्ते पर खड़ा कर दिया जाता है। इस तरह की समस्या विगत 5 सालों से बनी हुई है, लेकिन रेलवे विभाग का जिम्मेदार आमला समस्या को लेकर गंभीर नहीं है, जिसके चलते कोसमंदा के अलावा सिवनी-चांपा, बालपुर, कमरीद, जाटा, पचोरी समेत अन्य गांव के लोगों को इस मार्ग से होकर आने जाने में काफी परेशानियो का सामना करना पडता है।

---

### नवागढ़ के चौराभांठा व पामगढ़ के तनौद में वर की उम्र थी कम

# अक्ती पर हो रहा था बाल विवाह, मौके पर पहुंचे अफसरों ने रूकवाई दो शादियां





नाबालिगो की शादी रूकवाने पहुंचे अफसरों की टीम।

**हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा**

अक्षय तृतीया के अविजीत मुहूर्त पर जिले के दो गांव चौराभांठा व तनौद में नाबालिगों की शादी हो रही थी। इसकी सूचना मिलते ही अफसरों की टीम हरकत में आई। मौके पर पूरा अमला पहुंचा और दोनों पक्षों को समझाईश देकर नाबालिगों की शादी रोकी गई।

गौरतलब है कि अक्षय तृतीया पर ढेरो शादियां होती है। इस दौरान बाल विवाह की शिकायतें भी मिलती है। अक्ती के दिन शुक्रवार 10 मई को नवागढ़ तहसील अंतर्गत चौराभांठा में शादी हो रही थी। इस दौरान सूचना मिली कि वर की उम्र 21 वर्ष नहीं हुई है। नाबालिग की शादी की सूचना मिलते ही प्रशासनिक अमला हरकत में आया। जिला बाल संरक्षण अधिकारी गजेन्द्र सिंह की टीम तत्काल चौराभांठा पहुंची। उन्होंने शादी घर में पहुंचकर परिजनों से चर्चा की तथा वर की उम्र 21 वर्ष से कम होने की बात कहते हुए आवश्यक दस्तावेज जांच के लिए मंगाए। इस दौरान वर की उम्र 18 वर्ष 8 माह होना पाया गया। इस पर अफसरों ने परिजनों को समझाईश देते हुए बताया कि शासन द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार कन्या की उम्र 18 वर्ष व वर की उम्र 21 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए। उन्होंने बाल विवाह के दुष्टपरिणामों की जानकारी देते हुए शादी को रोकने का आग्रह किया। इस दौरान घर में हुई तैयारी व लडकी पक्ष को होने वाली परेशानी का उल्लेख करते हुए परिजनों ने भी अपनी बात रखी। तब अफसरों ने उन्हें बाल विवाह के दुष्टपरिणाम और इस पर रोक लगाने बनाए गए कानूनी प्रावधान की जानकारी दी तथा होने वाले विधि सम्पत कार्रवाई के बारे में विस्तार से बताया। जिसके उपरांत परिजनों ने कन्या पक्ष के लोगों से चर्चा की और आम सहमति से शादी को रूकवाई गई। इसी प्रकार ग्राम पंचायत तनौद थाना पामगढ़ में बालक के घर जाकर जानकारी ली गयी जहां बालक का उम्र 19 वर्ष 04 माह 29 दिन होना पाया गया। अधिकारी कर्मचारी द्वारा बालक एवं उसके माता-पिता एवं स्थानीय लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया लड़की की उम्र 18 वर्ष तथा लड़के की उम्र 21 वर्ष पूर्ण होने के पश्चात विवाह करने की समझाईस के पश्चात स्थानीय लोगों की उपस्थिति में बालक के माता-पिता की सहमति से दोनों बालकों का विवाह रोका गया है। इसके अलावा अप्रैल महीने में आधा दर्जन से अधिक नाबालिगों का विवाह रूकवाया गया था। विवाह का कार्यक्रम मेंहदा, पंतोरा, हीरागढ़, बाराद्वार सहित अन्य क्षेत्रों में हो रहा था। जिस पर महिला बाल विकास विभाग की टीम ने पहुंचकर बाल विवाह रूकवाने की कार्रवाई की गई।

---



दुर्घटनाग्रस्त कार तथा घायल लोग।

# बाराती कार अनियंत्रित होकर पलटी, एक की मौके पर मौत

## 5 लोगों को उपचार के लिए भेजा अस्पताल

**हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा**

अक्षय तृतीया पर वैवाहिक कार्यक्रम के दौरान बाराती कार अनियंत्रित होकर पलट गई। घटना में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 5 गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए जैजैपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया है। घटना जैजैपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कचंदा की है।

इस संबंध में जैजैपुर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार 10 मई को अक्षय तृतीया के अवसर पर वैवाहिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा था। इसी बीच शुक्रवार 10 मई की दोपहर एक बाराती कार अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे उसमें सवार एक व्यक्ति के मौके पर ही मौत हो गई। जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। 108 की मदद से उपचार के लिए सभी को जैजैपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया । घटना जैजैपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कचंदा में रोड बिजली ऑफिस के पास की है। मिली जानकारी के अनुसार दोपहर लगभग 3 बजे हुंडई कार क्रमांक सीजी 10 के 6080 आमगांव से निकली थी। वह जैजैपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कचंदा में रोड बिजली ऑफिस के पास पहुंची थी कि चालक ने अपना नियंत्रण कार से खो दिया और सड़क किनारे रखे ईट से जा टकराई। जिससे कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और उसमे बैठे पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि एक की मौके पर ही मौत हो गई। मौजूद लोगों ने तत्काल डायल 108 को फोन लगाया। इसके बाद उन्हें जैजैपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहीं घायल लोगों का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जैजैपुर में किया जा रहा है। वहीं मृतक के शव का पंचनामा उपरांत आगे की कार्रवाई की जा रही है। बहरहाल पुलिस इस मामले में जांच पड़ताल कर रही है। इधर घायल लोगों का उपचार जारी है।

---

# भांजे की हत्या करने वाले मामा को आजीवन कारावास

**हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा**

**खास बात**
- सत्र न्यायाधीश शक्ति सिंह राजपूत का फैसला

जमीन विवाद को लेकर भांजे की हत्या करने वाले आरोपी मामा को आजीवन कारावास एवं 5 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। उक्त फैसला सत्र न्यायाधीश शक्ति सिह राजपूत ने सुनाया है। मामला पामगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम पेण्ड्री का है।

लोक अभियोजक जांजगीर राजेश पाण्डेय के बताये अनुसार 23 मई 2022 को रात्रि करीब 9 बजे आरोपी अपने बहन दिलबाई से जमीन रजिस्ट्री के संबंध में बात कर रहा था, उसी समय दिलबाई का पुत्र अभियुक्त का भांजा हरीश आया और गाली गलौज देने की बात को लेकर लोहे के धारदार चाकू से गर्दन में वार किया, जिससे उसका गर्दन कटकर गंभीर चोंट आयी। जिले ईलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पामगढ़ ले जाया गया, जहां से उसे अग्रिम ईलाज हेतु हायर सेंटर रिफर किया गया। 23 मई 2022 को ही आहत हरीश को स्वास्तिक हास्पिटल हास्पिटल बिलासपुर ले जाया गया, जहां ईलाज के दौरान दिनांक 25.05. 2024 को उसकी मृत्यु हो गयी, जिसकी सूचना थाना तोरवा को दी गयी। दिनांक 25.05. 2022 को थाना पामगढ़ द्वारा नंबरी मर्ग सूचना कमांक 48/22 दर्ज कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। दिनांक 26.05.2024 को अभियुक्त के मेमोरेण्डम कथन लेखबद्ध कर अभियुक्त के निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त चाकू जप्त किया गया तथा अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। गवाहों के कथन लेखबद्ध किये गये। मर्ग डायरी गवाहों के कथन एवं अन्य विवेचना उपरांत आरोपी के विरूद्ध अपराध कमांक 233/22 अंतर्गत धारा 302 भादसं का अपराध पंजीबद्ध कर मामले का अन्वेषण किया गया। तत्पश्चात विवेचना पूर्ण कर अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। आरोपी मनोज कुमार सूर्यवंशी चाकू से उसके भाई हरीश के गले में एक बार मारा था, जिसे उसने स्वयं अपने आंखो से देखा है। आरोपी मनोज कुमार सूर्यवंशी पिता रामलाल सूर्यवंशी उम्र 38 वर्ष निवासी ग्राम पेण्ड्री थाना पामगढ़ को भादवि की धारा 302 के दोषसिद्ध अपराध के लिए आजीवन कारावास की सजा एवं 5 हजार के अर्थदण्ड से दंडित किया गया है।

---

### शांति नगर में लगा कचरें का अंबार जिम्मेदार को नहीं ध्यान

**जांजगीर-चांपा।** शांति नगर अघोषित रूप से कचरा डंपिंग यार्ड बनकर रह गया है। शहर का कचरा हो या फिर मरे हुए जानवर, सब यहीं फेंके जा रहे हैं। जब कचरा बढ़ता है तो नगर पालिका के कर्मचारी उसमें आग लगा देते हैं. जिसके चलते बदबू और धुएं से लोग परेशान हैं. खास बात यह है कि क्षेत्र में बच्चों के खेलने के लिए कोई मैदान नहीं है, लेकिन जब कोई बड़ा नेता आता है, तो इसे साफ जरूर कर दिया जाता है। स्थानीय निवासियों ने बताया की शहर के बड़े होटलों, घर से निकलने वाले कचरे को नगर पालिका के कर्मचारी लेकर आते हैं, फिर उसे इसी मैदान में डंप कर दिया जाता है. साथ ही कोई मवेशी भी मरता है तो उसे भी इसी कचरे में फेक दिया जाता है। कचरे से निकलने वाली बदबू से बीमारी भी हो रही है।

---

# वन विभाग की उड़नदस्ता टीम ने दो आरा मिल को किया सील

**हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा**

- सक्ती वन परिक्षेत्र के ग्राम खैरा एवं घोघरी में की गई कार्रवाई

वनमण्डल तथा राज्य स्तरीय वन उडनदस्ता टीम द्वारा विगत दिवस जांजगीर-चांपा वनमण्डल के अंतर्गत सक्ती वन परिक्षेत्र में 2 आरामील एवं फर्नीचर मार्ट में छापामार जांच की कार्यवाही की गई। इस दौरान दो आरा मिल को सील करने की कार्रवाई की गई।

वनमण्डलाधिकारी जांजगीर-चांपा प्रियंका पांडेय, वनमण्डलाधिकारी बलौदाबाजार मयंक अग्रवाल, प्रधान मुख्य वनसंरक्षक एवं वन बल प्रमुख, सीसीएफ बिलासपुर एवं सीसीएफ रायपुर के दिशा निर्देशन में प्रशिक्षु आईएफएस अक्षय दिनकर भोसले के द्वारा गहन जांच एवं सतत कार्यवाही से अवैध तस्करी के संबंध में संलिप्त वृहद स्तर के गिरोह संज्ञान में आया है। वनमण्डलाधिकारी जांजगीर-चांपा ने बताया कि यह पूरी कार्यवाही 27 मार्च को ग्राम बिर्रा में सड़क मार्ग से सागौन लकड़ी के लठठों के अवैध परिवहन से प्राप्त गवाहों एवं साक्ष्यों के आधार पर संपादित किया गया है चंद्रपुर बिट के ग्राम खैरा में खीर प्रसाद चंद्रा के परिसर में बिना लायसेंस के अवैध रूप से 1 आरामिल संचालित किया जा रहा था। कार्यवाही के दौरान मिल के अंतर्गत 2 नग बैण्ड स 2 नग ट्रॉली, 2 नग आधुनिक रेन्दा मशीन रखे गये थे। मौके पर काष्ठ के परिवहन हेतु 01 नग पिकअप भी बरामद किया गया। सघन जांच के दौरान भारी मात्रा में सागौन एवं सरई काष्ठ निर्मित सामग्रियां यथा सोफा सेट, डायनिंग टेबल, पलंग आदि जप्त किये गये है तथा ग्राम खैरा के आरा मशीन को सील किया गया। संयुक्त टीम के द्वारा त्वरित ही दूसरी छापामार कार्यवाही ग्राम घोघरी, परिक्षेत्र सक्ती के केशव प्रसाद पटेल, आरामिल संचालक के परिसर में किया गया। उक्त संयुक्त कार्यवाही में राज्य स्तरीय उड़नदस्ता प्रभारी संदीप सिंह, परिक्षेत्राधिकारी सक्ती, परिक्षेत्राधिकारी कसडोल, थाना प्रभारी डभरा एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी शामिल थे।



कार्रवाई के लिए पहुंचा वन विभाग का अमला।

---

# चोरी की मोटरसायकल के साथ एक आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा**

चोरी का मोटर सायकल के साथ चोरी करने वाला आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला पामगढ़ थाना क्षेत्र का है।

इस संबंध में पामगढ़ पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार परसदा निवासी प्रार्थी जय विशाल पटेल पिता मनोहर पटेल उम्र 24 साल द्वारा 9 मई को रिपोर्ट दर्ज कराया था कि 26 अप्रैल को अपने मोटरसायकल साइन क्रमांक सीजी 11 बीएल 5399 से शाम 6 बजे ग्राम डोंगकोहरौद गया था। इस दौरान वापस आते समय मोटर साइकिल को डुमरपाली मोड़ में खड़ा कर यात्री प्रतीक्षालय में सो गया था। रात 2.30 बजे उठने पर देखा कि मोटरसाइकिल वहां पर नही था जिसे कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना पामगढ़ में धारा 379 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया था। मुखबिर सूचना मिला कि एक व्यक्ति चोरी की बाइक बेचने की फिराक में मुलमुला बस स्टेंड के पास घूम रहा है। अश्वनी कुमार सूर्यवंशी ग्राम परसदा देव थाना मस्तुरी का होना बताया। जिससे मोटरसायकल के संबंध में पुछताछ किया। 26 अप्रैल को रात में अपने साथी अमित यादव एवं चन्द्र प्रकाश केवट के साथ मिलकर बाइक सीजी 11 बीएल 5399 को चोरी करना बताया। आरोपी अश्वनी कुमार सूर्यवंशी पिता छत लाल उम्र 20 साल निवासी परसदा को 10 मई को गिरप्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।



जब्त बाइक के साथ आरोपी।

---

### कार्य स्थल पर नजर नहीं आते तकनीकी सहायक

# रोजगार सहायक की मनमानी को लेकर मजदूरों ने खोला मोर्चा

**हरिभूमि न्यूज ⏭ डभरा**

महात्मा गांधी रोजगार गारण्टी योजना के अंतर्गत चल रहे कार्यों में रोजगार सहायकों की लगातार शिकायतें मिल रही है। पिछले दिनों फिर ग्राम पंचायत के मजदूरों ने रोजगार सहायक पर मनमानी किये जाने का आरोप लगाते हुए मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने इसकी शिकायत अधिकारियों से करते हुए कार्रवाई की मांग की है।

विदित हो कि जनपद पंचायत डभरा अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों में मनरेगा के तहत कार्य संचालित हो रहा है। जिसमें रोजगार सहायकों और तकनीकी सहायकों की लगातार शिकायत मिल रही है। इसी के तहत जनपद पंचायत डभरा अंतर्गत ग्राम पंचायत दर्री के आश्रित ग्राम खैरा में पटेल टार तालाब में गहरीकरण का कार्य चल रहा है। वहां के लगभग दो दर्जन मजदूरों ने कलेक्टर और जनपद पंचायत डभरा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को लिखित में शिकायत किया है। जिसमें कहा गया है कि रोजगार सहायक के द्वारा अपने पारिवारिक सदस्यों के नाम से मास्टर रोल निकाला जाता है और बिना काम किये ही उनको मजदूरी भुगतान किया जाता है, जबकि रोजगार गारंटी में कार्य कर रहे मजदूरों का कार्य दिवस कम कर भुगतान किया जा रहा है। शिकायत में यह भी कहा गया है कि रोजाना सहायक के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनाये जा रहे आवास का जियो टेग करने के एवज में अवैध राशि का मांग किया जाता है और जो राशि देते हैं उन्हीं का जियो टेग कर भुगतान करवाया जाता है। इस तरह दर्जनों शिकायत किया गया है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि मनरेगा के तहत चल रहे कार्यों में विभाग के तकनीकी सहायकों को उपस्थित रहना होता है लेकिन तकनीकी सहायक और रोजगार सहायक आपस मे मिले जुले होते हैं और तकनीकी सहायक बिना कार्य स्थल पर जाए ही निरीक्षण कर लेते हैं इस मामले में तकनीकी सहायक भी उतना ही दोषी है जितना कि रोजगार सहायक। बहरहाल मजदूरों ने कार्यवाही नहीं होने पर धरना देने की चेतावनी दिया है। इस संबंध में मनरेगा के कार्यक्रम अधिकारी सत्येंद्र पटेल ने कहा कि शिकायत के आधार पर जांच कमेटी का गठन किया जा रहा है जांच उपरांत उचित कार्यवाही किया जाएगा।



शिकायत करने पहुंचे मनरेगा श्रमिक।

---

# भौतिक व रसायन विज्ञान में फेल 12 वीं की छात्रा ने लगाई फांसी

**हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा**

12वीं की परीक्षा में फेल होने के बाद छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना पामगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत सेंदरी का है।

इस संबंध में पामगढ़ पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गुरूवार 9 मई को 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम आया। इस बीच लगाई फांसी, पामगढ़ थाना का मामला जांजगीर-चांपा जिला के पामगढ़ थाना क्षेत्र में एक छात्रा ने कक्षा 12वीं में फेल होने के बाद फांसी लगा ली। इसकी जानकारी सुबह परिजनों को हुई। परिजनों ने जिसकी सूचना पामगढ़ थाना में दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सेंदरी निवासी मृतिका निशा मानिकपुरी शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल कुटरा में 12वीं कक्षा में पढ़ाई करती थी। 9 मई को रिजल्ट आने पर वह फिजिक्स और रसायन विज्ञान में फेल हो गई। इस कारण निशा मानिकपुरी बहुत हताश हो गई । जिसकी वजह से देर रात उसने अपने कमरे में लगे पंखे से कपड़े का फंदा बनाकर झूल गई।



## खबर संक्षेप

### तेंदूपत्ता तोड़ने गए दो ग्रामीणों पर भालुओं ने किया हमला

**अम्बिकापुर।** वन परिक्षेत्र में तेंदूपत्ता की खरीदी 9 मई से शुरू होनी है जिसकी तैयारियां विभाग द्वारा पूरी कर ली गई है। बुधवार की शाम ग्राम झरिमिटी एवं गुरुवार की सुबह घाटबर्रा के पेंड्राबर्रा जंगल में भालुओं के हमले से दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों का उपचार मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रहा है। एक की हालत काफी गंभीर होने के कारण उसे रायपुर रेफर किया गया है। बुधवार की शाम 6 बजे ग्राम झिरमिटी निवासी अजय ठाकुर के परिजन तेंदू पत्ता एकत्र कर रहे थे तथा अजय ठाकुर तेंदूपत्ता को बांधने के लिए बरगद की रस्सी निकाल रहा था। इसी दौरान भालू ने उस पर हमला कर उसके हाथ पैर, सिर व कमर के हिस्से को नोच डाला जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को तत्काल परिजन अस्पताल ले गए। चिकित्सकों ने घायल का प्राथमिक उपचार के बाद उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। घायल की हालत नाजुक होने पर उसे रायपुर रेफर किया गया है। दूसरी घटना में गुरुवार की सुबह तुरिया वीरा निवासी फुलमेत पति रतिराम (40 वर्ष) गांव के अन्य लोगों के साथ तेंदूपत्ता तोड़ने सुबह 5.30 बजे पेंड्रामार जंगल में गई थी। इसी दौरान भालू ने हमला कर दिया जिससे वह मौके पर ही अचेत हो गई। भालू ने उसके हाथ-पैर, गर्दन व शरीर के अन्य अंगों को नाखून से नोच डाला। महिला के अचेत हो जाने पर भालू ने उसे मृत समझ कर चला गया। इधर घायल महिला ने अपने मोबाइल से गांव के ही मंगलसाय को घटना की सूचना दी। गांव के लोगों ने निजी एंबुलेंस से उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसका उपचार चल रहा है। इस संबंध में वन परिक्षेत्र अधिकारी कमलेश राय ने बताया कि विभाग भालुओं के हमले से घायल ग्रामीणों की उपचार की व्यवस्था कर रहा है। संग्राहकों को शाम के समय जंगल नहीं जाने के संबंध मुनादी कराई जा रही है।

### कोलडीहा जंगल में पहाड़ पर मिला युवक का कंकाल

**अम्बिकापुर।** शहर के गांधीनगर थाना अंतर्गत कोलडीहा जंगल में नर कंकाल मिला है। मृतक का शव पहाड़ के ऊपर मिला है। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। युवक का शव संदेहास्पद ढंग से मिला है ऐसे में उसकी हत्या किए जाने की आशंका भी जताई जा रही है लेकिन पुलिस शिनाख्त व पीएम के बाद ही वस्तु स्थिति स्पष्ट होने की बात कह रही है। बताया जा रहा है कि शहर से लगे कोलडीहा के जंगल में पहाड़ के ऊपर ग्रामीणों को एक नर कंकाल मिला था। मृतक का शरीर लगभग गल चुका था। ग्रामीणों द्वारा घटना की जानकारी गांधीनगर पुलिस को दी गई जिसके बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी। मृतक का शरीर लगभग गल चुका था इसके बाद भी पेड़ पर रस्सी व गमछा लटका हुआ था। ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि मृतक ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है लेकिन युवक आत्म हत्या जंगल में कहीं भी कर सकता था और इसके लिए उसे पहाड़ चढ़ने की आवश्यकता नहीं थी। ऐसे में युवक की मौत संदेहास्पद मानी जा रही है। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो पाई है ऐसे में पुलिस द्वारा शव को मर्च्युरी में रखवाया गया है।

### कार की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

**बलरामपुर।** चंपापुर निवासी 25 वर्षीय अनूप आ. सुन्दर कोड़ाकु डीजे बजाने का काम करता है और किसी काम से बलरामपुर के ग्राम ओबरी आया हुआ था। युवक बाइक से वापस अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान अर्टिगा कार क्रमांक सीजी 30 ई 2383 का चालक रामानुजगंज निवासी मुकेश आ. परमेश्वर बलरामपुर से रामानुजगंज की ओर जा रहा था। दोपहर लगभग ढाई बजे नेशनल हाईवे 343 पर महिंद्रा ट्रैक्टर शोरूम के सामने कार चालक ने बाइक सवार को टक्कर मार दिया। इस हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे उपचार के लिए हाईवे पेट्रोलिंग द्वारा द्वारा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। फिलहाल पुलिस द्वारा वाहन को जब्त कर घटना की जांच की जा रही है।

---

#### सर्वमंगला चौकी क्षेत्र के कनबेरी मार्ग का मामला

# ट्रेलर ने बाइक को मारी टक्कर, मौत, चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सर्वमंगला चौकी क्षेत्र अंतर्गत कनबेरी सर्वमंगला मार्ग पर एक तेज रफ्तार ट्रेलर चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवार दो लोगों को अपनी चपेट मे ले लिया। इस सड़क हादसे में बाइक

**खास बात**

- 25 हजार की तात्कालिक सहायता राशि के बाद चक्काजाम समाप्त

सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि दूसरा घायल हो गया। बाइक सवार की मौत से आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क पर चक्काजाम कर दिया। सूचना मिलने पर सर्वमंगला पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाइश देते हुए तत्काल सहायता राशि 25 हजार रुपए देते हुए चक्काजाम को समाप्त कराया।

जानकारी के अनुसार जिले के सर्वमंगला चौकी क्षेत्र अंतर्गत कनबेरी मार्ग में बीते बुधवार की रात लगभग 10 से 11 बजे के बीच एक बड़ा हादसा हो गया, जिसमें बाइक सवार ग्राम खैरभावना निवासी तीजराम यादव उम्र लगभग 50 वर्ष, चमन दास उम्र 60 वर्ष को एक ट्रेलर चालक ने ठोकर मार दी। हादसे में बाइक सवार दोनों लोगों के सिर में गंभीर चोट आई है। आसपास के ग्रामीणों ने जैसे तैसे दोनों को अस्पताल भिजवाया, जहां उपचार के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई वहीं दूसरे की हालत नाजुक बनी हुई है। घटना को अंजाम देने के बाद ट्रेलर चालक ट्रेलर लेकर मौके से फरार हो गया। ग्रामीण की मौत के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क पर बैठकर चक्काजाम कर दिया, जिसके बाद पुलिस ने प्रशासन की ओर से सहायता राशि के रुप में 25 हजार रुपए दिए। जिसके बाद चक्काजाम समाप्त हुआ।



मार्ग में लगा जाम।

**दुकान के सामने मिला शव**

गुरुवार की सुबह कोरबा कोतवाली थाना अंतर्गत ट्रांसपोर्ट नगर नर्मदा इंजीनियरिंग दुकान के सामने अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है, जिसकी सूचना दुकान संचालक ने डायल 112 को दी। जिसके बाद डायल 112 मौके पर पंहुची। मृतक की पहचान के प्रयास के साथ साथ घटना की जांच की जा रही है। जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा की मौत के पीछे कारण क्या है। प्रथम दृष्टिया मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है।

**बैंक के पास मिली अज्ञात व्यक्ति की लाश**



कुसमुंडा में पुराना बैक खमरिया के पास रेलवे ट्रैक पर एक अज्ञात व्यक्ति की लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। गुरुवार की सुबह कुसमुंडा के पुराना बैंक खम्हरिया के पास एक अज्ञात व्यक्ति की लाश रेलवे ट्रेक में देखी गई। जिसकी सूचना पुलिस को दी गई है। बताया जा रहा है कि घटनास्थल से कुछ दूर में एक मोटर साइकिल भी खड़ी है। जिसका नंबर सीजी 12 बीजी 9561 है। पुलिस बाइक के आधार पर मृतक की शिनाख्ती कार्यवाही में जुटी हुई है।

# हितग्राही को प्रदान की गई सहायता राशि



हितग्राही को राशि प्रदान करते बैंक प्रबंधक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैसमा

छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक शाखा भैसमा के खाताधारक की मृत्यु पर प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना अंतर्गत उसके नॉमिनी को 2 लाख रूपये की राशी प्रदान की गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम करुमौहा निवासी शत्रुघन लाल धीरहे की मृत्यु ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा के कॉमर्शियल काम्प्लेक्स में आग लगने की घटना में हो गयी थी। शाखा को खाताधारक की दुर्घटना में मृत्यु होने की बात पता लगने पर उनके परिवार से संपर्क कर खाते में प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा होने की जानकारी प्रदान की गयी, इसके सम्बन्ध में शाखा में पदस्थ शाखा प्रबंधक राहुल खण्डेलवाल ने उनके नॉमिनी से प्राप्त सभी दस्तावेज को क्लेम की राशी हेतु बीमा कंपनी को प्रेषित किया गया। बीमा क्लेम की चेक की राशी दो लाख रूपये खाताधारक की पत्नी श्रीमती मोहन बाई को शाखा प्रबंधक राहुल खण्डेलवाल एवं कैशियर मुकेश सिंह की उपस्थिति में प्रदान किया गया।

# शहर की सड़कों पर धड़ल्ले से दौड़ रहे ब्लैक फिल्म लगे वाहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



भीषण गर्मी में लक्जरी कार व अन्य वाहनों में काला शीशा का चलन तेजी से बढ़ रहा है। लोग भीषण गर्मी में अपने वाहनों में काला शीशा का धड़ल्ले से इस्तेमाल कर रहे हैं। यातायात विभाग काला शीशा जांच के नाम पर केवल कोरम पूरा कर रहे हैं। जबकि सुप्रीम कोर्ट के नियमों के मुताबिक वाहनों में काला शीशा का उपयोग पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया गया है।

काला शीशा के बढ़ते चलन को लेकर जिले में यातायात पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठने लगा है। क्योंकि सडक़ों में 50 फीसदी वाहनों में काला शीशा का इस्तेमाल हो रहा है। इससे सुप्रीम कोर्ट के नियमों की धज्जियां उड़ रही है। पांच साल पहले सुप्रीम कोर्ट ने काला शीशा को लेकर बड़ा नियम बनाया था। जिससें साफ उल्लेख किया गया था कि काला शीशा के आड़ में वाहनों के माध्यम से काले कारनामे किए जाते हैं। इससे अपराध को बढ़ावा मिलता है। जब नियम बना तो या ता या त विभाग ने लगातार कार्रवाई की थी। सैकड़ों वाहनों से सभी थाना क्षेत्र की पुलिस ने समन शुल्क के रूप में लाखों रुपए वसूल की थी। धीरे धीरे इसकी चाल सुस्त पड़ गई और यातायात पुलिस ने अभियान चलाना ही बंद कर दिया। आखिरकार जिन्होंने अपनी लक्जरी कार व वाहनों से काला शीशा निकलवाया था उसे फिर लगवा लिया। जिसके चलते फिर से अपराध को एबढ़ावा मिल रहा है। यातायात विभाग ऐसे वाहनों को रोकने के बजाए नजर अंदाज कर रही है। यानी जांच के नाम पर यातायात पुलिस केवल खानापूर्ति कर रही है। जिसके चलते ऐसे वाहनों की लगातार बढ़ रही है।

# छग भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने सौंपा सरोज को ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के छग प्रदेशाध्यक्ष अशोक मोदी ने अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी सरोज पाण्डे से सौजन्य भेंटकर उन्हे लोकसभा चुनाव में विजयी होने की अग्रिम बधाई एवं शुभकामनाएं दी। साथ ही छग के समस्त व्यापारियों की ओर से उन्हे ज्ञापन दिया।

उक्त ज्ञापन में उन्होंने व्यापारी सुरक्षा आयोग की स्थापना, व्यापारी कल्याण कोष की स्थापना, व्यापारियों की सामाजिक सुरक्षा, एकल कर प्रणाली का सरलीकरण, व्यापारी पेंशन योजना प्रारम्भ करने की मांग रखी है इसके अलावा व्यापारियों को होने वाली असुविधा पर उनका ध्यान आकर्षित किया तथा बताया कि वर्तमान में जीएसटी की जटिल प्रक्रिया का सरलीकरण किया जाना अत्यंत आवश्यक है क्योंकि इसकी प्रक्रिया को पूर्ण करने मे ही व्यापारियों का पूरा समय निकल जाता है तो व्यापारी अपना व्यापार कब करेगा। साथ ही उन्होने बताया कि व्यापारी अपने पुराने केस को लेकर काफी चितित एवं व्यथित है तो प्रदेश सरकार को उत्तरप्रदेश सरकार और हरियाणा सरकार की तरह ही सेटलमेंट स्कीम लाकर पुराने सभी केस को सेटल कर व्यापारियों को राहत प्रदान करना चाहिये। सरकार व्यापारियों को जितना सहयोग करेगी व्यापारी उतना अधिक राजस्व सरकार को देगी। अशोक मोदी ने बताया कि व्यापारी भाजपा के शासनकाल में प्रसन्न एवं सुखी है। पूर्व की सरकार में जिस प्रकार 16 से भी अधिक टेक्स हुआ करती थी उससे भाजपा सरकार ने व्यापारियों को राहत दिलाया एवं देश में एक कर प्रणाली जीएसटी लागू की किन्तु व्यापारी ये चाहते है कि जीएसटी का और सरलीकरण किया जाये। सरोज पाण्डे ने भी उनके ज्ञापन पर आश्वासन देते हुए कहा कि वे निश्चित ही व्यापारियों के हितार्थ यथासंभव प्रयास कर उनकी मांग को पूरा कराने का प्रयास करेगी। इस अवसर पर मोदी के साथ भगवती प्रसाद गोयनका, अंकित गोयनका, जगदीश प्रसाद अग्रवाल, अखिलेश अग्रवाल, आशुजोष अग्रवाल, डॉ. राजीव सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।



ज्ञापन सौंपते उद्योग व्यापार मंडल के सदस्य।

# जल आपूर्ति बाधित, नगर पालिका कार्यालय के सामने धरना-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा क्षेत्र अंतर्गत खनन प्रभावित वार्ड 63 मोंगरा के प्रभावित गांवो बांकी बस्ती, मड़वाढोढा, पुरैना में निगम द्वारा टेप नल के माध्यम से

**खास बात**

- बांकी बस्ती, पुरैना, मड़वाढोढ़ा में जलापूर्ति की मांग को लेकर 16 को चक्काजाम की चेतावनी

जल आपूर्ति की जाती है कई दिनों तक पानी बंद रहने से परेशान ग्रामीणों ने मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की पार्षद राजकुमारी कंवर के नेतृत्व में बांकीमोंगरा पालिका के कार्यालय का घेराव कर दिया। घेराव के बाद सीएमओ ने चर्चा के लिए बुलाया माकपा पार्षद ने सीएमओ को ज्ञापन सौंपकर पेयजल समस्या का समाधान नहीं होने पर बांकीमोंगरा के मुख्य मार्ग पर 16 मई को चक्काजाम करने की चेतवानी दी है।

उल्लेखनीय है कि वार्ड 63 मोंगरा कोयला खनन के कारण खनन प्रभावित गांवों में जल स्तर काफी गिर चुका है और अपने सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत एसईसीएल ही पीने, निस्तारी और सिंचाई के लिए पानी का प्रबंध करते आया है लेकिन बांकी खदान बंद होने के बाद अब एसईसीएल द्वारा इन बांकी बस्ती, पुरैना, मड़वाढोढा गांवों में जल आपूर्ति रोक दी गई है, जिससे यहां के ग्रामीणों का दैनिक दिनचर्या गड़बड़ा गई है। नगर निगम द्वारा घर घर टेप नल लगाकर पानी पहुंचाने का प्रयास किया गया लेकिन निगम जल आपूर्ति करने में पूरी तरह सफल नहीं हो पाया है और वार्डो में बोर होल में चालू सबमर्शिबल पम्प लगे थे उसे भी निगम के कर्मचारी द्वारा खोलकर ले जाया गया कि टेप नल चालू हो गया है। जिससे जल संकट और भी बढ़ गया है। माकपा जिला सचिव प्रशांत झा ने आरोप लगाया कि निगम द्वारा पालिका बनने के बाद से चालू पंपों को खोलकर ले जाना जिससे जल संकट और गहराया है निगम के अधिकारियों का अमानवीय चेहरा सामने आया है। निगम प्रशासन द्वारा जल आपूर्ति पूरी तरह फेल है और चालू पंपों को खोलकर ले जाने से जल संकट और गहरा गया है। जल आपूर्ति सही नहीं हुआ तो माकपा ग्रामीणों के साथ मिलकर सड़को पर उतरकर आंदोलन करेगी। माकपा की मोंगरा वार्ड पार्षद राजकुमारी कंवर ने कहा कि नगर निगम ने हर समय बांकी मोंगरा क्षेत्र का उपेक्षा किया है। निगम द्वारा चालू बोर होल से मोटर निकालकर ले जाया गया है जिसका माकपा विरोध करती है। उन्होंने कहा कि पेयजल प्रभावित गांवों में निगम और पालीका द्वारा पूर्व की तरह बोर होल में पम्प लगाकर जल आपूर्ति करना होगा।



प्रदर्शन करते प्रभावित ग्रामीण।

### इलाज के दौरान महिला की मौत, लापरवाही का आरोप

**कोरबा।** सांस लेने में दिक्कत होने पर एक महिला को उपचार के लिए एसईसीएल मेन हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। जहां महिला की हालत में सुधार नहीं होता देख परिजनों ने चिकित्सक अचिंतय कुमार से महिला को तत्काल अपोलो रेफर करने की मांग की गई पर चिकित्सको ने रेफर करने से इंकार करते हुए अस्पताल में ही चिकित्सा उपलब्ध कराने की बात कही गई। हालत में सुधार नहीं होने के बाद भी डा अपूर्व शर्मा द्वारा रेफर करने में आनाकानी की गई। आखिरकार मरीज की हालत बुरी तरह खराब होने के बाद मरीज को अपोलो रेफर किया गया लेकिन अपोलो पहुंचने के दौरान महिला की मौत हो गई। इस मामले में मृतका के परिजनों ने मानिकपुर चौकी में अस्पताल के चिकित्सको और अन्य स्टाफ के खिलाफ शिकायत दर्ज कर कार्यवाही की मांग की गई है। जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत दुरपा रोड पुरानी बस्ती निवासी चुन्नी लाल राजवाड़े अपनी माता श्रीमती गोदावरी बाई उम्र लगभग 81 वर्ष को सीने में कफ जमने के कारण सास लेने में कठिनाई होने पर इलाज के लिए एसईसीएल मुख्य अस्पताल मुडापार में 10 फरवरी को भर्ती कराया था।

### बच्चों को दिया जा रहा फुटबॉल का प्रशिक्षण

**कोरबा।** बच्चों में प्रतिभा की कमी नहीं होती है बस जरूरत होती है उचित मार्गदर्शन और उसे निखरने की। कुछ इसी तरह की पहल यूथ फुटबॉल क्लब द्वारा की जा रही है। बच्चों को भविष्य के खिलाड़ी के रूप में तैयार किया जा रहा है। फुटबॉल क्लब के कोच राहुल दास द्वारा यह जिम्मेदारी उठाई गई है। प्रतिदिन दो पालियों में बच्चों को ट्रेनिंग दी जा रही है। सुबह 6 से 8:30 तक और शाम 5 से 7 तक बच्चों को फुटबॉल का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

**LIONS ENG. HR. SEC. SCHOOL, CHAMPA (C.G.)**
**WANTED TEACHERS AND STAFF**
**SESSION 2024-25**

| Post | Qualification | No. of Requirement |
|---|---|---|
| English Teacher | M.A. (English), B. Ed | 4 |
| Hindi Teacher | M.A. (Hindi), B. Ed | 2 |
| Sanskrit Teacher | M.A. (Sanskrit), B. Ed | 2 |
| Maths Teacher | M.Sc.(Maths), B. Ed | 2 |
| Biology Teacher | M.Sc.(Bio.), B. Ed | 2 |
| Chemistry Teacher | M.Sc. (Chem.), B. Ed | 2 |
| Physics Teacher | M.Sc.(Phy.), B. Ed | 2 |
| Economic Teacher | M. Com, M.A., B. Ed | 2 |
| So. Science Teacher | Graduate, B. Ed | 2 |
| Computer Teacher | PGDCA, BCA | 3 |
| P.T.I. | B.PED/M.PED | 1 |
| PRT | Graduate, D.L.Ed/ D. Ed. | 4 |
| Dance/Music Teacher | Diploma/Bachelor in Dance or Music | 1 |
| Librarian | B. Lib. Sc. | 1 |
| Office Staff | Graduate, DCA/ PGDCA | 2 |

**Note:** Candidates must have good academic record, experience and excellent communication skill in English, Salary is negotiable. Interested candidates can send their application along with bio-data before **18.05.2024** and attend interview on **18.05.2024** at **11:00am sharp** in the Meeting Hall.

**E-mail lionsschoolchampa@gmail.com**
**Phone No. 7819796804, 9425533099**

**Chairman**
**Lions Club Educational Society, Champa**

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) जांजगीर (तहसील अकलतरा एवं बलौदा)**
**जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
क्रमांक Q/रीडर/अ.वि.अ./2024
अकलतरा दिनांक 07/05/2024

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी रा.जांजगीर(अकलतरा एवं बलौदा) में आवेदक गणेशराम पिता खोलबहरा ग्राम चंदनिया तहसील अकलतरा के द्वारा ग्राम चंदनिया तहसील अकलतरा में स्थित भूमि खसरा नं. 295/6 रकबा 0.25 डि. ए./हे. भूमि को औद्योगिक मद में व्यपवर्तन किये जाने का आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति अथवा दावा पेश करना हो तो दिनांक 15/05/2024 को समय 11:00 बजे तक मेरे न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा आपत्ति पेश कर सकते है।

उपरोक्त तिथि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 07/05/2024 को मेरे न्यायालय की मुहर एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**जांजगीर (तहसील अकलतरा एवं बलौदा)**

**न्यायालय तहसीलदार अकलतरा, जिला- जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**
क्र./ Q/EWS/ तह./2024
अकलतरा, दिनांक: 10/5/24
रा.प्र.क्र. .......... 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक अंकुर अग्रवाल पिता मुरारी लाल जाति अग्रवाल निवासी ग्राम तरौद तहसील अकलतरा के द्वारा अपने पुत्र श्रेयांश अग्रवाल के लिए शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश प्राप्त करने हेतु आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए निर्धारित 10 प्रतिशत आरक्षण का लाभ प्राप्त करने हेतु भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में आय एवं संपत्ति प्रमाण पत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति अथवा दावा पेश करना हो तो 17.05.2024 को प्रात: 10.30 बजे तक मेरे न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा आपत्ति पेश कर सकते है। उपरोक्त तिथि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 10/05/24 को मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के सील मुहर द्वारा जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**अकलतरा**

# समर कैंप में बच्चों ने सीखा क्लासिकल गीत-संगीत

**कोरबा।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, एनटीपीसी में पिछले 15 दिनों से आयोजित किए जा रहे समर कैंप का 8 मई को समापन किया गया। इस कैंप में विद्यार्थियों को विभिन्न इनडोर व आउटडोर खेलों के साथ गीत-संगीत और योग की प्राचीन कला में भी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। शिविर में शामिल होकर सीखने वाले बच्चों ने भी समापन समारोह में अपनी कला का प्रदर्शन कर अतिथियों और अभिभावकों का मन मोह लिया। सभी ने उन्हें आशीर्वाद प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कैंप के अंतिम दिवस के अवसर पर एक भव्य समारोह का भी आयोजन किया गया। यह कैंप 23 अप्रैल को प्रारंभ हुआ था, जिसमें 250 से अधिक छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। कैंप में विद्यार्थियों को क्रिकेट, बास्केटबाल, टेबिल टेनिस, वॉलीबाल, शतरंज एवं एथेलेटिक्स में प्रशिक्षण प्रदान किया। इस दौरान अनुभवी कोच शैलेन्द्र सिंह एवं दिव्या सोना द्वारा उन्हें खेलों की बारीकियों से अवगत कराते हुए प्रशिक्षित किया गया।

**जाँजगीर मार्केट**
**गुप्त रोग**
नामर्दी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु पतला, पेशाब के साथ धातु का गिरना, जलन छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस, गनौरिया, चर्मरोग, इत्यादि सभी प्रकार के गुप्त रोग का इलाज किया जाता है। बिना आपरेशन अण्डकोष, बवासीर एवं भगंदर का गारंटी इलाज।
नि:संतान दंपति अवश्य मिले
**मां दुर्गा क्लीनिक**
**डॉ. ए.के. विश्वास**
स्टेशन रोड पी.डब्ल्यू.डी. ऑफिस के सामने गट्टानी लोहा बाड़ा के बगल, चाम्पा
मो.- 8269419396, 8670074465

## हरिभूमि पाठक पुरस्कार योजना 2023 के सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

1 वेद प्रकाश आदित्य, बरगवां, अकलतरा 2 श्री पुष्पेन्द्र जोगी, अकलतरा 3 राजेश कुमार गोयल, बरपाली चौक चांपा, जांजगीर 4 जयसिंह चन्द्रा, तहसील रोड चांपा 5 अमृत लाल देवांगन, रामबांधा तालाब चौपाटी के सामने चांपा 6 सेजल देवांगन, नीम चौक देवांगन मोहल्ला चांपा 7 मोहन लाल थवाईत, राजा पारा बाबा घाट चांपा 8 शुभ कुमार पाण्डेय, विनोद गैस एजेंसी के पीछे चांपा 9 विमल कुमार सूर्यवंशी, सरवानी सरागांव, चांपा 10 लगन कुमार खरसन सरवानी सरागांव, चांपा 11 पुष्पेन्द्र कुमार खरसन, परसापाली सरवानी 12 बुधवाराम डहरिया, सरवानी सरागांव, चांपा 13 इन्द्रजीत सिंह, परसापाली सरवानी 14 नरेश कुमार देवांगन, गुरूनानक रेसीडेंसी गौरवपथ चांपा 15 संदीप कुमार बरेठ, गायत्री नगर दारंग 16 लखन किराना स्टोर्स, गांधी चौक सिपनी चांपा 17 श्रीमति रामबाई स्वर्णकार, शंकर नगर जगदल्ला चांपा 18 शिवचरण यादव, जवाहर नगर गली नं.- 5

**मूत्र किडनी एवं प्रोस्टेट**
समस्त किडनी रोग गुर्दा, नेफ्रोलाजी किडनी में सुजन दर्द पेशाब कम होना या रूकावट जलन, सिरम क्रियेटिनिन, यूरिक एसिड, यूरिया का बढ़ना पैरो या आंखो में सूजन अगर डायलिसिस में चल रहे हो या किडनी बदलने कि नौबत आ गई हो तो इस चिकित्सा से जीवन बच सकता है, यह चिकित्सा किडनी के नेफ्रान्स सेल को पुनः एक्टीवेट (रिजनरेट) अर्थात् फिर से जीवन प्रदान करता है यूरेथ्रास्ट्रेक्चर (मूत्र नली का सिकुड़न) पेशाब न उतरना, बूंद बूंद टपकना या बन्द होना, आपरेशन कि आवश्यकता नहीं होती एवं पेशाब में जलन, पीला लालिमा रहना या खून या मवाद आना। प्रोस्टेट विकार बार बार पेशाब होना, बूंद-बूंद या रूकना, इसके कारण सेक्स में आई कमजोरी। समय : 11 से 3 बजे तक
**जीवन ज्योति क्लीनिक** डॉ. आर अग्रवाल (हर्बल मेडिसीन) नया बस स्टैण्ड के अंदर, गोलू पोहा जलेबी होटल के ऊपर शॉप नं. 25 दुर्ग (छ.ग.)
स्थायी चिकित्सा परामर्श के लिए मिले मो. 7587099540 (आने से पहले फोन करें)

10- MAY-Jash-CORIYA-RAGH-JANJ-Bhoomi pg-3_Layout 1 5/10/2024 8:05 PM Page 1





# 'किंगडम ऑफ द प्लैनेट...' दुनियाभर में मचाएगी धमाल

**मुंबई।** डिज्नी का हिस्सा बनने के बाद से फिर से पुनर्जीवित हुई हॉलीवुड की फिल्म फ्रेंचाइजी 'प्लैनेट ऑफ द एप्स' की नई फिल्म 'किंगडम ऑफ द प्लैनेट ऑफ द एप्स' इस शुक्रवार से दुनिया भर में धमाल मचाने जा रही है। फिल्म को लेकर इस फ्रेंचाइजी के प्रशंसकों का उत्साह अभी से देखने को मिल रहा है। सिनेमाघरों में हिंदी सिनेमा के एक बाद एक फ्लॉप होने के चलते हाल के महीनों में हॉलीवुड फिल्में भारत में अच्छा कारोबार कर रही हैं। ये नई फिल्म 'किंगडम ऑफ द प्लैनेट ऑफ द एप्स' बॉक्स ऑफिस पर बढ़िया ओपनिंग लेगी और भारत में कम से कम सौ करोड़ रुपए का कारोबार करने में सफल रहेगी।

लाइफ Style

# आलिया

## काला टीका लगाकर रेड कार्पेट पर पहुंचीं

फैशन के सबसे चर्चित इवेंट मेट गाला 2024 का आयोजन हो चुका है। दुनियाभर के सितारें इस इवेंट में अपने स्टाइलिश अंदाज को दिखाए। इस बार फिर से आलिया ने इस इवेंट को अटेंड किया। इस बार मेट गाला की फ्लोरल थीम थी, जिसके चलते आलिया भट्ट ने उसी तरह का आउटफिट पहना।

एजेंसी ⏭ मुंबई

आलिया ने अपने आउटफिट और लुक से सभी को इंप्रेस किया। एक्ट्रेस अपने फ्लोरल आउटफिट में बेहद खूबसूरत लगी रही थीं। इस साल मेट गाला की थीम गार्डन ऑफ टाइम है। आलिया भट्ट ने इवेंट के रेड कार्पेट पर साड़ी पहन अपना जलवा बिखेरा।

आलिया भट्ट ने इस इवेंट के लिए भारत के मशूहर डिजाइनर सब्यासांची मुखर्जी का तैयार किया हुआ आउटफिट पहना था। उनकी साड़ी इतनी खूबसूरत थी कि हर कोई इसकी तारीफ कर रहा है। इस साड़ी में आलिया भट्ट भी किसी अप्सरा से कम नहीं लग रही थीं। ऐसे में उनकी खूबसूरती को किसी नजर ना लगे इसलिए उन्होंने इसका भी जुगाड़ किया। नजर से बचने के लिए आलिया रेड कार्पेट पर नजर का काला टीका लगाकर पहुंची थी। जी हां, इसका सबूत सोशल मीडिया पर सामने आई एक तस्वीर में भी देखने को मिला है।

आलिया की साड़ी में हैंडवर्क हुआ है जिसे फुलों से सजी 23 फुट की ट्रेन के साथ बनाया गया है।उनकी साड़ी में रेशम के फ्लॉस, ग्लास बीडिंग और सेमी प्रीशियस स्टोन्स का यूज किया गया है.



हॉलीवुड मसाला



# जेम्स के उपन्यास पर बनेगी फिल्म

**मुंबई।** स्टीवन स्पीलबर्ग हॉलीवुड इंडस्ट्री का एक बड़ा नाम हैं। उनकी फिल्मों का एक बहुत बड़ा प्रशंसक वर्ग है। हाल ही में निर्देशक को लेकर एक बड़ी जानकारी सामने आई है। एक रिपोर्ट के अनुसार ए24 और स्टीवन स्पीलबर्ग की एंबलिन एंटरटेनमेंट एक साथ मिलकर जेम्स मैकब्राइड के उपन्यास द हेवन एंड अर्थ ग्रोसरी स्टोर पर एक फिल्म बनाने जा रहे हैं। फिलहाल वे इसकी कहानी को विकसित कर रहे हैं।



# 70 साल से कायम हैं गॉडजिला का जलवा

**लॉस एंजिलिस।** फिल्म 'गॉडजिला एक्स -द न्यू एम्पायर' 29 मार्च को रिलीज हो गई है। इस फिल्म का दर्शकों को काफी इंतजार था। गॉडजिला के नाम पर बनी ये 38वीं फिल्म है। इससे पहले 70 सालों से इस नाम पर फिल्में बनती चली आ रही हैं। इस नाम पर बनने वाली फिल्मों का सफर जापान से 1954 में शुरू हुआ था और 70 साल से अब तक चल रहा है। जापान के अलावा अमेरिका भी इस पर फिल्में बना रहा है। 'गॉडजिला एक्स -द न्यू एम्पायर'फिल्म देखने और समझने के लिए आपको इसकी पुरानी फिल्में देखने की जरूरत नहीं है, क्योंकि मेकर्स ने इसे नई कहानी के साथ पेश किया है। फिल्म में कमाल की सिनेमैटोग्राफी के साथ फिल्म का बैकग्राउंड म्यूजिक दर्शकों का दिल जीत रहा है। इस फिल्म का निर्देशन एडम विंगार्ड ने किया है।



# 'सिकंदर' में रश्मिका होंगी लीड एक्ट्रेस

**नई दिल्ली।** नेशनल क्रश कही जाने वालीं रश्मिका मंदाना, अब बड़े पर्दे पर सलमान खान के साथ 'सिकंदर' में नजर आएंगी। साजिद नाडियाडवाला के बैनर तले बन रही 'सिकंदर' में रश्मिका के आने की खबर ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल से कन्फर्म की गई। पहले 'पुष्पा' और फिर 'एनिमल' की धुआंधार सक्सेस के बाद रश्मिका बहुत डिमांड में हैं। सलमान के साथ फिल्म में आना उनके करियर को अल्टीमेट ऊंचाई पर ले जाएगा। मेकर्स ने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पेज से पोस्ट करते हुए लिखा, ''सिकंदर' में सलमान खान के अपोजिट स्टार करने के लिए फैबुलस रश्मिका मंदाना का स्वागत है! ईद 2025 पर इन दोनों का मैजिक स्क्रीन पर अनफोल्ड होगा, जिसे देखने का इंतजार करना बहुत मुश्किल है।



# लुक्स की वजह से नहीं मिली थीं फिल्में

**मुंबई।** कई फिल्म कलाकारों को करियर की शुरुआत में अपने लुक्स की वजह से परेशानी का सामना करना पड़ा है। हालांकि, बाद में अपने अभिनय के दम पर उन्होंने लोगों के मुंह भी बंद कराए है। आज अल्लू अर्जुन की पहचान एक सुपरस्टार के तौर पर हैं, लेकिन वह भी अपने लुक्स की वजह से संघर्ष का सामना कर चुके हैं। इसका खुलासा खुद अल्लू ने ही किया है। हाल ही में, अल्लू अर्जुन की फिल्म 'आर्या' को रिलीज हुए 20 साल पूरे हो गए हैं। इसका जश्न मनाने के लिए हैदराबाद में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें अल्लू अर्जुन ने अपने बारे में बड़ा खुलासा किया। उन्होंने बताया कि अपने लुक की वजह से उन्हें करियर की शुरुआत में अच्छी फिल्में नहीं मिली थी। अल्लू अर्जुन ने साल 2003 में फिल्म 'गंगोत्री' से अपना डेब्यू किया था।

टीवी मसाला



# फिर उलझी 'तारक मेहता के सोढ़ी' की गुत्थी...

**नई दिल्ली।** पुलिस सूत्रों के मुताबिक, अब तक की जांच में 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' से फेमस हुए एक्टर गुरुचरण सिंह को लेकर कोई भी सुराग नहीं मिला है। जांच के दौरान गुरुचरण के दस से ज्यादा फाइनेंसियल अकाउंट मिले हैं। इतना ही नहीं, उनके एक से ज्यादा जीमेल अकाउंट होने का भी पता चला है। घरवाले 22 अप्रैल से अपने बेटे की राह देख रहे हैं। गुरुचरण की खोज में परिवार, दोस्त और पुलिस सभी लगे हैं। करीबी लोगों और डिजिटल जांच के बाद पुलिस को मिले तथ्यों से चला पता है कि गुरुचरण का धर्म की तरफ झुकाव बढ़ रहा था। उन्होंने एक खास दोस्त से पहाड़ की तरफ जाने की इच्छा जाहिर की थी। आखिरी सीसीटीवी फुटेज में वो ई-रिक्शा के बाद पैदल जाते दिखे थे। गुरुचरण को 22 अप्रैल को मुंबई पहुंचना था, जिसने उन्हें रिसीव करना था उसे भी मिसलीड किया गया। आखिरी बार गुरुचरण ने 14 हजार रुपए एटीएम से निकाले थे, उसके बाद की उन्हें लेकर जानकारी नहीं मिल पा रही है।

## शिल्पा ने खत्म की 2 साल पुरानी लड़ाई

नई दिल्ली। शिल्पा शिंदे कभी टीवी की हाई प्रोफाइल वाली एक्ट्रेस थीं। उन्होंने 'चिड़िया घर', 'भाभी जी घर पर हैं' से 'बिग बॉस 11' जैसे रियलिटी शो के जरिए दर्शकों का खूब मनोरंजन किया है। हर शो में दर्शकों ने उन्हें



खूब प्यार दिया हैं। हालांकि इसके बावजूद वह अपने बयानों को लेकर खबरों में रही हैं। वह लंबे वक्त से टीवी शो से दूर रही हैं। आखिरी बार टीवी पर उन्हें 'झलक दिखला जा 10' में देखा गया था। इस शो में भी उनका मेकर्स संग पंगा होने के बाद उन्होंने इस शो को छोड़ दिया था। अब लंबे वक्त के बाद खबरें हैं कि वह 'खतरों के खिलाड़ी 14' का हिस्सा बनेंगीं। टाइम्स नाउ की रिपोर्ट के अनुसार, कलर्स पर आने वाला खतरानक स्टंट से भरपूर शो 'खतरों के खिलाड़ी 14' में टीवी एक्ट्रेस शिल्पा शिंदे अपनी जगह बना चुकी हैं। शो में उन्होंने अपनी सीट पक्की कर ली है।रिपोर्ट के अनुसार, शो के लिए खुद कर्लस चैनल ने शिल्पा को अप्रोच किया है। हालांकि इस बारे में अभी तक आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। हालांकि शिल्पा के नाम की अटकलें काफी तेज हो गई हैं। 'खतरों के खिलाड़ी 14' में शिल्पा का नाम जुड़ने से दर्शकों के बीच थोड़ी हलचल मच गई है।

# अहंकार के कारण कई अच्छी फिल्में छोड़ दी थीं अमोल पालेकर ने...

*__मुंबई।__ जिस दौर में अमिताभ बच्चन और राजेश खन्ना का बॉलीवुड में कब्जा हुआ करता था, तब अमोल पालेकर ने अपनी अदाकारी से चुपचाप, लोगों के दिलों में खास जगह बनाई। एक दौर तो वो भी आया, जब ये कहा जाना लगा कि सिर्फ विनोद खन्ना ही नहीं ये एक्टर बिग बी और काका के स्टारडम को टक्कर दे सकता है। बॉलीवुड का वो एक्टर, जो ऑफबीट फिल्मों के स्टार रहे। अपने शांत और सहज अभिनय से लोगों का मन मोहते रहे। उनके बोलने का स्टाइल, कॉमेडी करने का ढंग और इमोशनल कर देने का अंदाज ऐसा कि दर्शकों की आंखों में आंसू आ जाएं। अपने इस निराले अंदाज के कारण उन्हें 'सिचुवेशनल कॉमेडी किंग' कहा जाता था।*

*बॉलीवुड में कई ऐसे सितारे खो गए, जिन्होंने कभी अपने अभिनय से लोगों को*



*अपना दीवाना बना दिया था। हालांकि, वक्त की रफ्तार में उनका करियर काफी बदल गया। कुछ ऐसा ही हाल 70-80 के दशक के मशहूर एक्टर अमोल पालेकर का रहा है। बेहद शांत दिखाई देने वाले इस स्टार के अंदर बहुत घमंड था। इस बारे में उन्होंने खुद कहा था कि उन्हें कई अच्छी फिल्में मिली, लेकिन कुछ को उन्होंने अपने घमंड के कारण छोड़ दिया था।*

*मुंबई में जन्मे अमोल ने अभिनय में कदम रखने से पहले थिएटर में अपनी किस्मत आजमाई थी। 1970 के दशक में अपने सरल अभिनय के द्वारा प्रमुखता से उभरने लगे। 70-80 के दशक में उन्होंने एक के बाद एक कई बड़े स्टार्स के साथ फिल्में की, जिसमें शर्मिला टैगोर, रेखा, परवीन बॉबी, शबाना आजमी, राजेश खन्ना, अमिताभ बच्चन से लेकर धर्मेंद्र, राज बब्बर संजीव कुमार संग स्क्रीन शेयर की।*

*अमोल हिंदी के साथ ही साथ मराठी सिनेमा में भी फेमस रहे। हालांकि, एक वक्त ऐसा आया जब उन्हें फिल्में कम मिलने लगी और धीरे-धीरे एक्टिंग से दूर जाने लगे। अपनी फिल्मी करियर की जर्नी को लेकर अमोल ने बताया था कि ऐसा नहीं था वह फिल्में नहीं करना चाहते थे, लेकिन वह किसी से फिल्म मांगना नहीं चाहते थे।*

# ओटीटी पर रिलीज होगी 'हेड्स ऑफ स्टेट'



*__मुंबई।__ अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने अपनी आगामी फिल्म 'हेड्स ऑफ स्टेट' को लेकर एक बड़ा अपडेट दिया है। बीते लंबे समय से अपने प्रशंसकों को शूटिंग से जुड़ी जानकारी लगातार साझा कर रहीं। प्रियंका ने हाल ही में सोशल मीडिया पर बताया कि उनकी फिल्म की शूटिंग आखिरकार पूरी हो गई। साथ ही, उन्होंने यह भी जानकारी दी है कि यह फिल्म सीधा ओटीटी पर रिलीज होगी। उन्होंने पर्दे के पीछे के कुछ मजेदार पलों को एक वीडियो के जरिए फैंस के साथा साझा किया है। इसमें मालती भी हैं। मेकअप से लेकर वर्कआउट तक में मालती अपनी मां के साथ नजर आ रही हैं। वीडियो में बेटी को गोद में लिए हुए वर्कआउट करती प्रियंका को देखकर फैंस उसकी जमकर तारीफ कर रहे हैं। वीडियो में अभिनेत्री सुपर फिट और बेहद खूबसूरत लग रही है।*

## गुप्त फिल्म के लिए काजोल को मिला था बेस्ट विलेन का फिल्मफेयर अवार्ड

# सीरियल किलर के रोल में कई हसीनाओं ने दिखाए रौद्र रूप

*__मुंबई।__ सिर्फ अभिनेताओं ने ही नहीं, बल्कि कई अभिनेत्रियों ने भी बॉलीवुड फिल्मों में नेगेटिव किरदार निभाए हैं। काजोल, तब्बू से लेकर प्रियंका चोपड़ा और उर्मिला मातोंडकर ने भी फिल्मों में नेगेटिव किरदार निभाए हैं। इन सभी हसीनाओं के किरदारों को लोगों ने बेहद पसंद भी किया।*




**उर्मिला मातोंडकर :** बॉलवुड अभिनेत्री उर्मिला मातोंडकर ने बॉलीवुड में रोमांटिक, हॉरर, थ्रिलर फिल्में की हैं। लेकिन उन्होंने फिल्म 'कौन' में सीरियल किलर का किरदार निभाया था। सीरियल किलर के रोल में उर्मिला की बेहतरीन अभिनय के सभी लोग कायल हो गए थे। इस फिल्म को लोगों ने खूब पसंद किया था। साल 1999 आई सस्पेंस थ्रिलर फिल्म को राम गोपाल वर्मा ने निर्देशित किया। अनुराग कश्यप द्वारा लिखित इस फिल्म में उर्मिला मातोंडकर, मनोज बाजपेयी और सुशांत सिंह ने अभिनय किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इस फिल्म को पूरे 15 दिनों में शूट किया गया था। इस फिल्म में उर्मिला का किरदार बाकी सभी कलाकारों पर भारी पड़ा।

**प्रियंका चोपड़ा :** 18 फरवरी 2011 को रिलीज हुई फिल्म '7 खून माफ' में प्रियंका चोपड़ा ने ऐसी




खतरनाक बीवी का रोल निभाया था, जो अपने सातों पतियों का खून कर देती है। इस फिल्म का निर्देशन विशाल भारद्वाज ने किया है। फिल्म में प्रियंका चोपड़ा मुख्य भूमिका में हैं, जबकि विवान शाह , जॉन अब्राहम , नील नितिन मुकेश , इरफान खान, अलेक्जेंडर डायचेंको , अन्नू कपूर , नसीरुद्दीन शाह और उषा उथुप सहायक भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास नहीं चली।

**तब्बू :** फिल्म 'हैदर' में तब्बू का अब तक का सबसे खतरनाक रोन माना जाता है। उन्होंने इस फिल्म



में अपने नेगेटिव किरदार से सभी को डरा दिया था। 2014 में 'हैदर' रिलीज हुई थी। क्राइम थ्रिलर फिल्म को विशाल भारद्वाज ने निर्देशित किया था। इसमें शाहिद कपूर , तब्बू , के के मेनन , श्रद्धा कपूर और इरफान खान ने अहम भूमिका निभाई थी।



**काजोल :** फिल्म 'गुप्त' में काजोल के नेगेटिव रोल को भला कोई कैसे भूल सकता है। यह फिल्म सुपरहिट हुई थी। काजोल के अलावा इस फिल्म में बॉबी देओल और मनीषा कोइराला ने अहम भूमिका निभाई थी। साल 1997 में आई फिल्म 'गुप्त' सुपरहिट हुई थी। काजोल ने इस फिल्म में नेगेटिव किरदार निभाया था। पहले इस नेगेटिव रोल को मेकर्स मनीषा कोइराला से करवाना चाहते थे, लेकिन बाद इस रोल के लिए रवीना टंडन को अप्रोच किया गया। उन्होंने इस फिल्म के लिए साइन कर दिया था। लेकिन फिर निजी कारणों की वजह से उन्होंने फिल्म नहीं की। आखिरकार यह रोल काजोल ने निभाया। इस फिल्म के लिए उन्हें बेस्ट विलेन का फिल्मफेयर अवार्ड भी मिला था।

**अनीता हसनंदानी :** फिल्म 'कुछ तो है' में अनीता हसनंदानी ने सीरियल किलर का किरदार निभाया था। 2003 में आई इस फिल्म का निर्देशन अनुराग बसु ने किया था। फिल्म में तुषार कपूर, ईशा देओल, अनिता हस्सनंदनी, यश टोंक, ऋषि कपूर, जितेन्द्र और मुनमुन सेन ने अहम भूमिका निभाई थी। फिल्म बालाजी मोशन पिक्चर्स के बैनर के तहत बनाई गई थी।



## खबर संक्षेप

### बोर्ड परीक्षा में ला.ब. शा.उ.मा.वि की छात्राओं ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**बम्हनीडीह।** लाल बहादुर शास्त्री उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बम्हनीडीह में हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 2024 में कुमारी अंजली पटेल ने 94 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम एवं कुमारी भवानी डडसेना ने 91.7 प्रतिशत अंक अर्जित कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार हायर सेकेंडरी सर्टिफिकेट परीक्षा 2024 में कुमारी चंद्रप्रभा निराला ने 80 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त की। साथ ही कक्षा दसवीं में गेमन केंवट 82.3 प्रतिशत तथा रामेश्वर साहू 81.53 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। उनकी उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।



### सरस्वती शिशु मंदिर के छात्र शौर्य ने प्राप्त किया 94 प्रतिशत अंक

**बिर्रा।** नगर में संचालित सरस्वती शिशु मंदिर बिर्रा के मेघावी छात्र शौर्य देवांगन ने छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 2024 में उत्कृष्ट प्रदर्शन हिंदी में 96 तो गणित में शत प्रतिशत अंक करते हुए 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में द्वितीय स्थान हासिल किया हैं। मेघावी छात्र शौर्य संजय कुमार देवांगन एवं संजना देवांगन का सुपुत्र हैं। उनकीइस उपलब्धि पर स्कूल स्टाफ एवं परिजन ने उज्जवल भविष्य की कामना की हैं।



### दसवीं बोर्ड परीक्षा में मुस्कान को मिले 94.4 प्रतिशत अंक

**झरना।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर ने 10 वीं का रिजल्ट घोषित किया, जिसमें बम्हनिंडीह ब्लाक के जांजगीर चांपा जिले के ग्राम झरना निवासी शास उच्च मध्य विद्यालय झरना की छात्रा कु मुस्कान दिवाकर ने 94.4 प्रतिशत अंकों के साथ सभी विषय में डिस्टेंशन प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। कु मुस्कान के माता पिता बकरी पालन का कार्य करते हैं। मुस्कान ने अपनी सफलता का श्रेय गुरुजन एवं माता पिता को दिया है।



### किसान की बेटी ने 93.83 प्रतिशत अंक के साथ कक्षा में प्राप्त किया प्रथम स्थान

**लोहर्सी।** ग्राम पंचायत लोहर्सी के किसान की बेटी परी कश्यप ने सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लोहर्सी में 93.83 प्रतिशत अंक प्राप्त करके विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। ग्राम पंचायत लोहर्सी के एक किसान की बेटी परी कश्यप पितानवल किशोर कश्यप माता श्रीमती रुखमणी कश्यप ने सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लोहर्सी खरौद में कक्षा दसवीं में अध्ययन करते हुए वर्ष 2024 के हाईस्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा में शामिल होकर सभी विषयों में विशेष योग्यता प्राप्त करक उन्होंने 600अंको में से हिन्दी में 95 , अंग्रेजी में 91 , संस्कृत में 87 , गणित में 96, विज्ञान में 97 , सामाजिक विज्ञान में 97 , इस प्रकार कुल 563अंक प्राप्त करके 93.83% अंकों के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उन्होंने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता पिता एवं अपने आचार्यों के सफल मार्गदर्शन को दिया। उनके इस सफलता पर विद्यालय परिवार ने उज्जवल भविष्य की कामना की है।



### राजेन्द्र कुमार स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत



**अकलतरा।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित 10वीं और 12वीं की परीक्षा में अकलतरा एजुकेशन ट्रस्ट द्वारा संचालित राजेंद्र कुमार सिंह उच्चतर माध्यमिक शाला का परिणाम क्रमशः 76 प्रतिशत और 97 प्रतिशत रहा। परीक्षा में सम्मिलित 114 छात्र छात्राओं में मात्र 3 छात्र अनुतीर्ण रहे। कक्षा बारहवीं में वाणिज्य समूह के छात्र शुभांग कंवर ने 87% अंक प्राप्त कर पूरी शाला में प्रथम स्थान प्राप्त किया है वहीं दूसरे स्थान पर गणित समूह के छात्र आयुष कश्यप ने 86.8%अंक प्राप्त किया है। जीव विज्ञान समूह में छात्र शुभजीत दास ने 82% तथा कला समूह में कु.सिमरन भार्गव ने 85.4% अंक प्राप्त करअपने समूह में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य संकाय का परीक्षाफल100% तथा विज्ञान संकाय का परीक्षा फल 95% रहा। हाई स्कूल परीक्षा में छात्र लक्ष्य मिश्रा ने 94. 16% अंक प्राप्त कर पूरे शाला में प्रथम स्थान प्राप्त किया।89.16% अंक प्राप्त कर छात्रा कु.प्रियांशु आदिले ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि हेतु अकलतरा एजुकेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक सौरभ सिंह, उपाध्यक्ष अशोक अग्रवाल, सचिव ईश्वर खंडेलिया ,सहसचिव पंकज दोशी, कोषाध्यक्ष श्री स्वप्निल जैन, आय व्यय निरीक्षक विकास केडिया ,ट्रस्ट के समस्त सदस्य, शाला के प्राचार्य आर के विश्वकर्मा एवं समस्त स्टाफ द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए छात्र छात्राओं के उज्वल भविष्य की कामना की है।

बैंड बाजे के साथ निकाली गई बारात ,ब्राह्मण नारी नवचेतना मंच ने किया आयोजन

# अक्षय तृतीया पर 26 बटुकों का हुआ सामूहिक उपनयन संस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

ब्राह्मणों के कुल जनक भगवान परशुराम के जन्मोत्सव एवं अक्षय तृतीया के अवसर पर शुक्रवार 10 मई को ब्राह्मण नारी नवचेतना मंच जांजगीर द्वारा 26 बटुकों का उपनयन संस्कार अग्रसेन भवन नैला- जांजगीर में आयोजित किया गया।

आचार्य राजकुमार मिश्रा द्वारा सर्वप्रथम गौरी गणेश पूजा,वास्तु पूजा,बेदी पूजा,चुलमाटी ,देवतेला,चीकट मातृका पूजन करवाने के पश्चात बटुकों का उपनयन विधी विधान के साथ मंत्रोच्चार कर सम्पन्न किया गया और बैंड बाजे के साथ बारात निकाली गई आयोजन के अंत मे भगवान परशुराम जी की भव्य शोभायात्रा हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर नैला रेलवे स्टेशन के सामने भगवान परशुराम चौक तक निकाली गयी, जहाँ भगवान परशुराम जी की अष्टधातु से बनी प्रतिमा के समक्ष महाआरती कर अंत मे नैला धर्मशाला में महाप्रसाद का वितरण किया गया। प्रमुख यजमान चंद्रहास मिश्रा एवं निशा मिश्रा रहे , यज्ञोपवीत संपन्न ब्राह्मणों के नाम शाश्वत शुक्ला, प्रवीण तिवारी ,प्रियांश तिवारी , लक्की दुबे , अंश दुबे ,श्रृजन तिवारी, अभिजीत तिवारी, अभ्युदय तिवारी,सुनील कुमार तिवारी,मनीष दुबे,रूद्रांश तिवारी, आयोग मिश्रा,दीपेश अवस्थी, अर्पित दुबे , नीरज दुबे,भास्कर पांडेय , हर्ष शर्मा, पवन गौतम ,आयुष दुबे , दिव्यांश तिवारी, संजय कुमार तिवारी ,जयकृष्ण शर्मा ,अयांश पांडेय ,अनमोल मिश्रा, अनुराग मिश्रा, आयुष मिश्रा है। ब्राह्मण नारी नवचेतना मंच से वीना शर्मा,नीरा शर्मा,सीता पांडेय,जयश्री शर्मा, बीना दुबे,जयंती दुबे,नीलू पांडेय,गीता मिश्रा, आशा दुबे,निशा मिश्रा, अलका शर्मा,नीलू शर्मा,अनिता मिश्रा,किरण पांडेय, पूर्णिमा शर्मा, किरण शुक्ला, अनुराधा शुक्ला,डॉक्टर मीनाक्षी शर्मा, विद्योत्तमा गौरहा, प्राची पांडेय,प्रियंवदा पांडेय, शालिनी शर्मा, स्मृति गौरहा, नम्रता शर्मा, जूही गौरहा,स्वाति मिश्रा का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर स्वामी दीपकानंद सरस्वती जी,स्वामी चंचलानन्द सरस्वती जी,ब्रजेश गौरहा, किरण कुमार मिश्रा, राजकुमार मिश्रा, मनीष कुमार मिश्रा, हरीश कुमार मिश्रा, सतीश कुमार मिश्रा,रामकुमार मिश्रा, भूपेंद्र मिश्रा,राजेन्द्र शर्मा,यशोदानंदन पाण्डेय, रामाकांत पाण्डेय, डॉक्टर सौरभ शर्मा, अमरनाथ शर्मा,बी.पी दुबे,अखिल कुमार मिश्रा एवं परशुराम जन्मोत्सव समिति के सदस्यगण,बटुकों के माता,पिता एवं रिश्तेदार बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



कार्यक्रम में उपस्थित नारी नवचेतना मंच के पदाधिकारी, सदस्य एवं अन्य।



उपनयन संस्कार के दौरान उपस्थित बटुक।



## भगवान परशुराम जयंती पर निकली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

सर्व ब्राह्मण समाज के द्वारा भगवान परशुराम जन्मोत्सव हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया गया। नगर के राम सागर तालाब स्थित श्री राम कुटी मंदिर में सर्व ब्राह्मण समाज के द्वारा भगवान परशुराम की पूजा अर्चना एवं आरती करने के उपरांत करमा नृत्य दल, डीजे एवं धुमाल में संगीत की धुन के साथ यात्रा निकाली गई।

- हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया गया भगवान परशुराम जन्मोत्सव

शोभायात्रा भगवान परशुराम मार्ग, स्टेशन चौक ,शहीद हुसैन मार्ग,बजरंग चौक, जैन मंदिर, शास्त्री चौक एवं आजाद चौक होते हुए वापस श्री राम कुटी मंदिर पहुंची। शोभायात्रा का जानकी लाल लिखमानिया धर्मशाला के पास राजेंद्र शर्मा, नरेंद्र शर्मा ,आजाद चौक के पास राव इलेक्ट्रिकल्स एवं पानी टंकी के पास रमाकांत सिंह एवं परिवार के द्वारा पानी पाउच एवं आइसक्रीम के साथ स्वागत किया गया। शोभायात्रा में महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शोभायात्रा के दौरान नगर भगवान परशुराम जयकारों से गूंजायमान रहा। शोभायात्रा का समापन श्री राम कुटी मंदिर में भगवान परशुराम की महा आरती के पश्चात सामूहिक भोज के साथ किया गया। कार्यक्रम में लखन शर्मा, साकेत द्विवेदी, विनोद द्विवेदी प्रशांत शर्मा, राम कीर्तन पांडे, अविनाश लाटा, चंद्र प्रकाश शर्मा, राजेंद्र पांडे,भोजराज शर्मा, सन्तोष दुबे,चंदन शर्मा, विकास आनंद शर्मा, सौरभ दुबे,चिराग शर्मा, आशीष शर्मा, रोहित कुमार पांडे, कपिल नाथ पांडे,राकेश शर्मा, महेश्वर शुक्ला,सोमेश दुबे, राजेन्द्र दुबे, शेषनारायण पांडे,आदित्य पांडे नरियरा, सत्येंद्र दुबे नरियरा, मयंक व्यास नरियरा, सत्यनारायण पांडे नरियरा ,पवन शर्मा बरगवां, शेषनारायण दुबे, आशुतोष शर्मा, गिरिराज दास ,गौरव द्विवेदी, हर्ष द्विवेदी, वैभव चौबे,अमित शुक्ला,राजेश शर्मा, सहित विप्र समाज के सदस्य उपस्थित थे।

## लीनेस क्लब ने अक्षय तृतीया पर बांटे घड़े और पिलाया शरबत



**सक्ती।** ऑल इंडिया लीनेस क्लब्स डिस्ट्रिक्ट सी एम 1 संपदा की लीनेस क्लब सक्ती ने अक्षय तृतीया पर राहगीरों को शरबत पिलाया एवं घड़ बांटे। लीनेस क्लब के पदाधिकारियों ने कहा कि भारतीय संस्कृति में अक्ती शुभ एवं पावन पर्व माना जाता है। आज के दिन दान का विशेष महत्व है। इसी के तहत लीनेस सदस्यों ने मिट्टी के घड़े बांट सभी राहगीरों को मीठा शरबत पिलाया। इस अवसर पर लीनेस अनीता सिंह, निकहत करीम खान, मीरा देवांगन, पूनम साहू, कलेश्वरी साहू, संगीता तिवारी, भगवती देवांगन, ललिता साहू एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि ऑल इंडिया लीनेस क्लब्स द्वारा समय-समय पर जरुरतमंदों को विभिन्न प्रकार की सामग्री उपलब्ध कराया जाता है।

## नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक पहुंचे किसान स्कूल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह

छत्तीसगढ़ राज्य नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक और उनके टीम वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल बहेराडीह पहुंचे। जहां उन्होंने सीड बैंक,

- सीड बैंक, डेयरी, छत्तीसगढ़ की 36 भाजियों की इकाई का किया अवलोकन

छत्तीसगढ़ की 36 प्रमुख भाजियों की ईकाई, कृषि फसल अवशेष अलसी, केला, अमारी भाजी, चेच भाजी, भिंडी के रेशे से निर्मित राखी, कपड़ा, मशरूम पापड़, बड़ी, मुनगा आचार, डेयरी, बॉयोगैस सयंत्र, जैविक खाद निर्माण इकाई, रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, संग्रहालय, मछली पालन इकाई का अवलोकन किया। किसान स्कूल परिसर में सीड बैंक में पांच फीट ऊंची धनिया को देख नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक डॉ ज्ञानेंद्र मणि खूब प्रभावित हुए। उन्होंने किसान स्कूल के विकास के लिए हर सम्भव मदद करने की बात कही। उन्होंने छत्तीसगढ़ के अलावा भारत के अन्य राज्यों के किसानों द्वारा विलुप्त चीज़ो को सहेजने और संग्रहालय को धरोहर का रूप देकर सेल्फी जोन बनाने वाले किसानों की पहल की सराहना किया। नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक ने सिवनी स्थित मनमोहन देवांगन का कोसा रेशम इकाई और चूड़ामणि राठौर कृषि डेयरी फार्म का भी भ्रमण किया। इस अवसर पर नाबार्ड के सहायक प्रबंधक सोहन चौधरी, नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक अंकित पाल, समाजसेवी डॉ सुरेश कुमार देवांगन, जिला ब्यापार उद्योग केंद्र के डीआरपी संतोष कुमार शुक्ला, किसान स्कूल के संचालक दीनदयाल यादव, सिवनी के पूर्व सरपंच चूड़ामणि राठौर, मनमोहन देवांगन,पूर्व उपसरपंच जितेंद्र कुमार यादव, राजाराम यादव, लखपति दीदी पुष्पा यादव, उर्मिला यादव और अन्य प्रगतिशील किसान प्रमुख रूप से उपस्थित थे।



जानकारी प्राप्त करते नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक।

## 96 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले राहुल को किया सम्मान

**बहेराडीह।** बालपुर गांव के किसान पूनाउ राम यादव के बेटा राहुल राज यादव को दसवीं कक्षा में 96 प्रतिशत अंक मिलने की खबर मिलते ही वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल बहेराडीह के संरक्षक समाजसेवी डॉ सुरेश कुमार देवांगन, संचालक दीनदयाल यादव,जिला ब्यापार उद्योग केंद्र के डीआरपी संतोष कुमार शुक्ला और उनके टीम उनके निवास पहुंच कर भेंट किया। बालपुर गांव का नाम रोशन करने वाले राहुल को किसान स्कूल के संरक्षक समाजसेवी डॉ सुरेश कुमार देवांगन ने 5 हजार रुपये की सम्मान राशि देये जाने का घोषणा किया।किसान स्कूल की टीम ने राहुल के माता पिता तथा उनके परिवार के साथ मुलाकात किया।इस अवसर पर टीम ने राहुल के उज्वल भविष्य की कामना ईश्वर से किया है।



## 10 वीं एवं 12 वीं की परीक्षा में गुंजन के छात्र-छात्राओं ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती



इंग्लिश मीडियम स्कूल गुंजन एजुकेशन सेंटर के छात्र-छात्राओं ने हाई स्कूल तथा हायर सेकेण्डरी स्कूल की बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया। इस बार कक्षा 10 वीं तथा 12 वीं में संस्था का परीक्षा परिणाम 90 प्रतिशत रहा। कक्षा दसवीं में यश साहू ने 91.5 प्रतिशत के साथ प्रथम, स्नेहल अग्रवाल 90.66 प्रतिशतके साथ दूसरे, परिनीति कांस्यकार 88.5% के साथ तीसरे, समृद्धि पांडे 87.83 प्रतिशत के साथ चौथे, भारती साहू 82.66 प्रतिशत के साथ पांचवें,वैभव अग्रवाल 82.50 प्रतिशत के साथ छठवें, प्राची देवांगन 81.83 प्रतिशत के साथ सातवें, अक्षय मनहर 81.33 प्रतिशत के साथ आठवें, अरमान गबेल 75.33 प्रतिशत के साथ नौवें तथा खुशी राठौर 72.16 प्रतिशत के साथ दसवें स्थान पर रही।

कक्षा दसवीं में संस्था के छात्र-छात्राओं ने गणित में 100 में 100 अंक प्राप्त किया। इसी प्रकार कक्षा 12 वीं में कार्मस संकाय से पलक अग्रवाल ने 89.80 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। विज्ञान संकाय से मुस्कान गबेल ने 84.80 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर, कार्मस संकाय से प्रथम अग्रवाल ने 77.80 प्रतिशत के साथ तीसरा स्थान, चन्चल अग्रवाल ने 72.80 प्रतिशत के साथ चौथा स्थान, विज्ञान संकाय से काजल साहू ने 70.40 प्रतिशत के साथ पांचवा, सुभ्रा देवांगन 68.40 प्रतिशत के साथ छठवें, कार्मस संकाय से सौरभ अग्रवाल ने 68% के साथ सातवें तथा विज्ञान संकाय से श्रद्धा गवेल ने 66.20% के साथ आठवें, खुशी पटेल ने 65.60 प्रतिशत के साथ नौवें तथा कार्मस संकाय से प्रिंसी डालमिया 65.20 प्रतिशत के साथ दसवें स्थान पर रहे। संस्था का परीक्षा परिणाम उत्साहजनक रहा। जिसमें संस्था के डायरेक्टर नितिन सोनी ने सभी उत्तीर्ण छात्र छात्राओं को उनके उज्वल भविष्य की कामना करते हुए जिन छात्र-छात्राओं ने अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके निराश ना होने की सलाह देते हुए, कठिन परिश्रम करने के लिए प्रेरित किया।

## स्वामी आत्मानंद स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत



**अकलतरा।** नगर के स्वामी आत्मानंद शासकीयउत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अकलतरा में पिछले वर्ष की भांति इस साल भी कक्षा दसवीं एवं बारहवीं का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा।

शाला की कक्षा दसवीं की छात्रा जागृति प्रजापति ने राज्य स्तरीय प्रावीण्य सूची में दसवां स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं नगर का नाम रोशन किया है। जागृति प्रजापति इस वर्ष जांजगीर जिले एवं बिलासपुर संभाग में सेजेस की एकमात्र छात्रा है जिन्होंने राज्य के प्रावीण्य सूची में स्थान हासिल किया है।कक्षा 12वीं में 19 विद्यार्थी फर्स्ट डिवीजन एवं 2 विद्यार्थी सेकंड डिवीजन से उत्तीर्ण हुए।प्रथम स्थान विज्ञान संकाय के छात्र हेमकेश जायसवाल ने 91.8 प्रतिशत अंक लाकर प्राप्त किया। द्वितीय स्थान चारु साहू ने 87.4 प्रतिशत अंक एवं तृतीय स्थान छाया अग्रवाल एवं अनुष्का उपाध्याय ने 84.4 प्रतिशत अंक लाकर हासिल किया।कक्षा दसवीं में प्रथम स्थान जागृति प्रजापति ने 97.1 प्रतिशत, द्वितीय स्थान खुशी साहू ने 95.5 प्रतिशत, एवं तृतीय स्थान गरिमा साहू ने 93.8 प्रतिशत अंक लाकर हासिल किया। विद्यालय की प्राचार्य गीता सिंह ने बताया कि सभी विद्यार्थियों के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम एवं जागृति प्रजापति के टॉप 10 सूची में अपना स्थान दर्ज कराने से शाला परिवार में हर्ष व्याप्त है। यह परिणाम समस्त विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की कड़ी मेहनत का नतीज़ा है। विद्यार्थियों के इस उपलब्धि पर शाला के शिक्षकों एवं स्टाफ द्वारा विद्यार्थियों को उनके उज्वल भविष्य की कामना की गई है।

## कलेक्टर ने कक्षा 10वीं के टॉप–10 में शामिल जान्हवी और राहुल को किया सम्मानित

**सक्ती।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो ने कलेक्टोरेट परिसर पर कक्षा 10वी के टॉप-10 में शामिल छात्रा सुश्री जान्हवी पटेल और छात्र राहुल कुमार गबेल को जनरल नॉलेज, पेन और चाकलेट देकर सम्मानित किया। कलेक्टर ने दोनों बच्चो को छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा जारी टॉप-10 की सूची में स्थान बनाने तथा जिले के नाम रोशन करने पर मिठाई खिलाते हुए बधाई दी।



इस अवसर पर छात्र राहुल कुमार गबेल ने बताया की वह आगे चलकर आईआईटी-जेईई की परीक्षा पास कर इंजीनीयर बनना चाहते है। इसी प्रकार छात्रा सुश्री जान्हवी पटेल ने कहा की वे आगे चलकर प्रोफेशनल आर्टिस्ट बनना चाहती है। इस अवसर पर छात्रा सुश्री जान्हवी पटेल ने ठुमक चलत रामचन्द्र बाजत पैजनिया...... की मधुर गीत भी सुनाई। दोनों ही बच्चो ने अपनी सफलता पर अपने पैरेंट्स, शिक्षक सहित आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए सभी संबंधित को धन्यवाद दिया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो ने कहा की बच्चो की सफलता के पीछे उनके अभिभावकों का भी बहुत महत्वपूर्ण योगदान होता है। उन्होंने बच्चो को अपनी रूचि के अनुसार करियर डिसाइड करते हुए कड़ी मेहनत के साथ आगे बढ़ने प्रोत्साहित किया। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा विगत दिवस कक्षा 10 वीं और 12 वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है, जिसमे सुश्री जान्हवी पटेल पिता रामनारायण पटेल माता श्रीमती मंजुश्री पटेल ने कक्षा 10 वीं में 97.83 प्रतिशत के साथ प्रदेश में छठवां स्थान और राहुल कुमार गबेल पिता श्री राजेश कुमार गबेल माता श्रीमती रोशनी गबेल ने कक्षा 10 वीं में 97.17 प्रतिशत के साथ प्रदेश में दसवां स्थान प्राप्त किया है। जिला शिक्षा अधिकारी नरेश चंद्रा ने आभार प्रदर्शन करते हुए कार्यक्रम का समापन किया। इस अवसर पर राकेश अग्रवाल, विद्यार्थियों के पालक और शिक्षक उपस्थित थे।




